मेट्रो-3 लाइन का संचालन-रख-रखाव करेगी डीएमआरसी

भास्कर न्यूज | मुंबई. मुंबई मेट्रो रेल निगम (एमएमआरसी) ने शुक्रवार को दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) को शहर के पहले पूरी तरह से भूमिगत गलियारे कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज मेट्रो-3 के संचालन और रखरखाव का अनुबंध दिया।

एमएमआरसी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के बाद 10 साल की अवधि के लिए अनुबंध दिया गया। इसमें कहा गया है कि डीएमआरसी मेट्रो लाइन के दिन-प्रतिदिन के संचालन के लिए जिम्मेदार होगा, जिसमें संचालन नियंत्रण केंद्र, डिपो नियंत्रण केंद्र, स्टेशन, रेलगाड़ियों का रखरखाव और प्रबंधन तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। डीएमआरसी भारत में मेट्रो रेल क्षेत्र में अग्रणी है, जिसने दो दशकों से अधिक समय तक दिल्ली मेट्रो का सफलतापूर्वक संचालन और रखरखाव किया है।